This Question Paper consists of 46 questions and 27 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 46 प्रश्न तथा 27 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

**Code No. 69/MAY/4**
**कोड नं०**

**Set / सेट** **A**

# GEOGRAPHY

# भूगोल

# (316)

Day and Date of Examination ....................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ....................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ....................................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the objective type of questions, you have to choose any *one* of the four alternatives given in the question, i.e., (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
4. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
5. (a) The Question Paper is Bilingual, i.e., English and Hindi. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

6. Candidate will not be allowed to take Calculator, Mobile Phone, Bluetooth, Earphone or any such electronic devices in the Examination Hall.

7. In case of any doubt or confusion in the Question Paper, the **English** version will prevail.

8. Write your Question Paper Code No. 69/MAY/4, Set [A] on the Answer-Book.

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखें।

4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

6. परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।

7. प्रश्न-पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।

8. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 69/MAY/4, सेट [A] लिखें।

# GEOGRAPHY

# भूगोल

# (316)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

*Note* : (i) This question paper consists of 46 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) (a) Question Nos. **1** to **16**—Multiple choice-type questions (MCQs) carrying *1* mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions.

(b) Question Nos. **17** to **20**—Objective-type map-based questions carrying *1* mark each. Questions for visually impaired candidate in lieu of Question Nos. **17**–**20** have been given. You have to attempt only *one* of the given choices in such questions. Question Nos. **21** to **30**—Objective-type questions carrying *2* marks each (with 2/4 sub-parts of *1* mark each). Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions **21**–**30**.

(c) Question Nos. **31** to **40**—Very short questions carrying *2* marks each to be answered in the range of *30* to *50* words. Question Nos. **36** and **37** are map-based questions. Questions for visually impaired candidate in lieu of Question Nos. **36** and **37** have been given.

(d) Question Nos. **41** to **45**—Short answer-type questions carrying *3* marks each to be answered in the range of *50* to *80* words.

(e) Question No. **46**—Long answer-type question carrying *5* marks to be answered in the range of *80* to *120* words.

**निर्देश** : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 46 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उस प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) (a) प्रश्न संख्या **1** से **16**—बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न (MCQs), जो प्रत्येक *1* अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें और लिखें।

(b) प्रश्न संख्या **17** से **20**—वस्तुनिष्ठ प्रकार के मानचित्र पर आधारित प्रश्न, जो प्रत्येक *1* अंक का है। दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **17** से **20** के स्थान पर प्रश्न दिए गए हैं। आपको ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से केवल **एक** का ही उत्तर देना है। प्रश्न संख्या **21** से **30**—वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न, जो प्रत्येक *2* अंक का है (*1* अंक के 2/4 उपभागों के साथ)। प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार इन प्रश्नों (**21** से **30**) के उत्तर दें।

(c) प्रश्न संख्या **31** से **40**—*2* अंक के अति लघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न, जिनके उत्तर *30* से *50* शब्दों में देने हैं। प्रश्न संख्या **36** एवं **37** मानचित्र पर आधारित प्रश्न हैं। दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **36** एवं **37** के स्थान पर प्रश्न दिए गए हैं।

(d) प्रश्न संख्या **41** से **45**—*3* अंक के लघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न, जिनके उत्तर *50* से *80* शब्दों में देने हैं।

(e) प्रश्न संख्या **46**—*5* अंक का दीर्घ-उत्तरीय प्रकार का प्रश्न, जिसका उत्तर *80* से *120* शब्दों में देना है।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**1.** Which of the following is an example of a continental plateau? 1

(A) Greenland plateau (B) Mexican plateau

(C) Bolivian plateau (D) Patagonia plateau

निम्नलिखित में से कौन-सा महाद्वीपीय पठार का एक उदाहरण है?

(A) ग्रीनलैंड पठार (B) मेक्सिको का पठार

(C) बोलीविया का पठार (D) पेटागोनिया का पठार

**2.** Hwang Ho Plain of China is an example of which type of plain? 1

(A) Eroded (B) Structural

(C) Depositional (D) Delta

चीन का ह्वांग हो मैदान किस प्रकार के मैदान का उदाहरण है?

(A) अपरदित (B) संरचनात्मक

(C) निक्षेपणात्मक (D) डेल्टाई

**3.** Which of the following is the most important cause of soil erosion? Select the most appropriate option. 1

(A) Transportation (B) Precipitation

(C) Condensation (D) Permeability

मिट्टी के कटाव का निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे प्रमुख कारण है? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) अपवाह (B) वर्षण

(C) संघनन (D) पारगम्यता

**4.** Read the following statements related to continental rise carefully and choose the correct option : 1

I. It is the link between the continental slope and the abyssal plain.

II. Seafood is obtained entirely from the continental shelf.

III. It is a landform which formed in the oceans from sequences of continental mass.

IV. The slope gradient of the continental rise is less than that of continental slope.

(A) Only I, II and III are correct

(B) Only I, III and IV are correct

(C) Only I, II and IV are correct

(D) Only II, III and IV are correct

महाद्वीपीय उभार से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. यह महाद्वीपीय ढाल और वितल मैदान के बीच की कड़ी है।

II. समुद्री भोजन पूरी तरह महाद्वीपीय तल (शेल्फ) से प्राप्त होता है।

III. यह महाद्वीपीय पदार्थों के अनुक्रमों से महासागरों में बना निक्षेपित स्थल रूप है।

IV. महाद्वीपीय उभार की ढाल प्रवणता महाद्वीपीय ढाल की तुलना में कम होती है।

(A) केवल I, II और III सही हैं

(B) केवल I, III और IV सही हैं

(C) केवल I, II और IV सही हैं

(D) केवल II, III और IV सही हैं

**5.** Which of the following seas has higher salinity than normal? 1

(A) Bering Sea
(B) Baltic Sea
(C) Red Sea
(D) Japan Sea

निम्नलिखित में से किस सागर की लवणता सामान्य से अधिक है?

(A) बेरिंग सागर
(B) बाल्टिक सागर
(C) लाल सागर
(D) जापान सागर

**6.** Choose the correct option related to the characteristics of polar winds. 1

(A) In the Northern Hemisphere, their direction is from West to North-East.

(B) These winds move from subpolar regions towards the poles.

(C) These are known as trade winds.

(D) These are extremely cold, dry and stable winds.

ध्रुवीय पवनों की विशेषताओं से सम्बन्धित सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) उत्तरी गोलार्ध में इनकी दिशा पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर होती है।

(B) ये उपध्रुवीय क्षेत्रों से ध्रुवों की ओर चलती हैं।

(C) इन्हें व्यापारिक पवनों के नाम से जाना जाता है।

(D) ये अत्यंत ठंडी, शुष्क तथा स्थिर पवनें होती हैं।

**7.** Match Column—I with Column—II and choose the correct option : 1

| *Column—I* | | *Column—II* | |
|---|---|---|---|
| *(a)* | Tropical hot and humid | *(i)* | Mediterranean |
| *(b)* | Dry climate | *(ii)* | Monsoon |
| *(c)* | Warm temperate | *(iii)* | Tundra |
| *(d)* | Cold snow forest | *(iv)* | Steppes |
| | | *(v)* | Taiga |

*Options* :

(A) *(a)—(ii), (b)—(iv), (c)—(i), (d)—(v)*

(B) *(a)—(ii), (b)—(iv), (c)—(v), (d)—(i)*

(C) *(a)—(iv), (b)—(ii), (c)—(iii), (d)—(v)*

(D) *(a)—(ii), (b)—(v), (c)—(i), (d)—(iii)*

कॉलम—I का मिलान कॉलम—II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| **कॉलम—I** | | **कॉलम—II** | |
|---|---|---|---|
| *(a)* | उष्णकटिबंधीय गर्म और आर्द्र | *(i)* | भूमध्यसागरीय |
| *(b)* | शुष्क जलवायु | *(ii)* | मानसूनी |
| *(c)* | गर्म समशीतोष्ण | *(iii)* | टुंड्रा |
| *(d)* | शीत हिम सहित वनीय | *(iv)* | स्टेपी |
| | | *(v)* | टैगा |

**विकल्प** :

(A) *(a)—(ii), (b)—(iv), (c)—(i), (d)—(v)*

(B) *(a)—(ii), (b)—(iv), (c)—(v), (d)—(i)*

(C) *(a)—(iv), (b)—(ii), (c)—(iii), (d)—(v)*

(D) *(a)—(ii), (b)—(v), (c)—(i), (d)—(iii)*

**8.** Choose the correct option related to the group of tributaries of Indus River. 1

(A) Kosi, Beas, Gandak (B) Jhelum, Beas, Sutlej

(C) Jhelum, Gandak, Ghaghra (D) Gandak, Ghaghra, Sutlej

सिंधु नदी की सहायक नदियों के समूह से सम्बन्धित सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) कोसी, ब्यास, गंडक (B) झेलम, ब्यास, सतलज

(C) झेलम, गंडक, घाघरा (D) गंडक, घाघरा, सतलज

**9.** Which of the following factors does ***not*** affect the climate of India? 1

(A) Landform (B) Distance from sea

(C) Divergence of plates (D) Latitudinal position

निम्नलिखित में से कौन-सा कारक भारत की जलवायु को प्रभावित **नहीं** करता है?

(A) भू-आकृति (B) समुद्र से दूरी

(C) प्लेटों का विचलन (D) अक्षांशीय स्थिति

**10.** Two statements are given below as Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : 1

*Assertion* (A) :

To pay tribute to the bravery of forest personnel, the Government of India celebrates 'Forest Martyrs Day' on 11 September.

*Reason* (R) :

Awareness is an important measure for environmental protection.

(A) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)

(C) (A) is correct and (R) is incorrect

(D) (A) is incorrect and (R) is correct

नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

**अभिकथन** (A) :

वनकर्मियों के शौर्य को श्रद्धांजलि देने के लिए भारत सरकार 11 सितम्बर को 'वन शहीद दिवस' मनाती है।

**कारण** (R) :

पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता एक महत्त्वपूर्ण उपाय है।

(A) दोनों (A) और (R) सही हैं। लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(B) दोनों (A) और (R) सही हैं। और (R), (A) की सही व्याख्या है

(C) (A) सही है और (R) गलत है

(D) (A) गलत है और (R) सही है।

**11.** Which of the following rivers has the largest catchment area? 1

(A) Godavari (B) Krishna

(C) Kaveri (D) Narmada

निम्नलिखित में से किस नदी का जलग्रहण क्षेत्र सबसे अधिक है?

(A) गोदावरी (B) कृष्णा

(C) कावेरी (D) नर्मदा

**12.** Choose the correct option related to the major Kharif crops from the following crops. 1

(A) Rice, Mustard, Peas (B) Mustard, Maize, Sugarcane

(C) Sugarcane, Mustard, Cotton (D) Rice, Maize, Cotton

निम्नलिखित फसलों में से खरीफ की प्रमुख फसलों से सम्बन्धित सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) धान, सरसों, मटर (B) सरसों, मक्का, गन्ना

(C) गन्ना, सरसों, कपास (D) धान, मक्का, कपास

**13.** Which of the following is a ferrous metallic mineral? 1

(A) Copper (B) Pyrite

(C) Tin (D) Zinc

निम्नलिखित में से कौन-सा लौह धात्विक खनिज है?

(A) ताँबा (B) पाइराइट

(C) टिन (D) जिंक

**14.** The easternmost terminal station of the East-West Corridor is

(A) Itanagar (B) Kohima

(C) Silchar (D) Dispur 1

पूर्व-पश्चिम गलियारे का सबसे पूर्वी टर्मिनल स्टेशन है

(A) ईटानगर (B) कोहिमा

(C) सिल्चर (D) दिसपुर

**15.** Hindi language belongs to which of the following language families? 1

(A) Austric (B) Sino-Tibetan

(C) Dravidian (D) Indo-Aryan

हिन्दी भाषा का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस भाषा परिवार से है?

(A) ऑस्ट्रिक (B) चीनी-तिब्बती

(C) द्रविड़ (D) इंडो-आर्यन

**16.** Which of the following States secured the highest rank in providing quality of education? 1

(A) Jharkhand (B) West Bengal

(C) Kerala (D) Odisha

निम्नलिखित में से किस राज्य ने शिक्षा की गुणवत्ता प्रदान करने में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है?

(A) झारखंड (B) पश्चिम बंगाल

(C) केरल (D) ओडिशा

*Note* : Study the given map carefully and answer the map-based questions (Question Nos. **17**, **18**, **19** and **20**) :

**निर्देश** : दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और मानचित्र पर आधारित प्रश्न संख्या **17**, **18**, **19** एवं **20** के उत्तर दीजिए :

**17.** Identify the major mountain marked 'A' on the map. 1

(A) Rocky (B) Ural

(C) Andes (D) Atlas

मानचित्र पर अंकित 'A' प्रमुख पर्वत की पहचान कीजिए।

(A) रॉकी (B) यूराल

(C) एंडीज (D) एटलस

**18.** Identify the warm water current marked 'B' on the map. 1

(A) Norway (B) Alaska

(C) Agulhas (D) Gulf Stream

मानचित्र पर अंकित 'B' गर्म जलधारा की पहचान कीजिए।

(A) नॉर्वे (B) अलास्का

(C) अगुल्हास (D) गल्फ स्ट्रीम

**19.** Identify the evergreen rain forest biome marked 'C' on the map. 1

(A) Nile Basin (B) Congo Basin

(C) Volga Region (D) Amazon Region

मानचित्र पर अंकित 'C' सदाबहार वर्षावन जीवोम की पहचान कीजिए।

(A) नील बेसिन (B) कांगो बेसिन

(C) वोल्गा क्षेत्र (D) अमेज़न क्षेत्र

**20.** Identify the temperate grassland biome marked 'D' on the map. 1

(A) Velds (B) Pampas

(C) Downs (D) Prairies

मानचित्र पर अंकित 'D' समशीतोष्ण घास मैदान जीवोम की पहचान कीजिए।

(A) वेल्ड्स (B) पंपास

(C) डाउन्स (D) प्रेयरीज

*Note* : The following questions are for *Visually Impaired Candidates* in lieu of Question Nos. **17**, **18**, **19** and **20**.

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **17**, **18**, **19** और **20** के स्थान पर हैं।

**17.** Which of the following mountains is located in Europe? 1

(A) Rocky
(B) Ural
(C) Andes
(D) Atlas

निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वत यूरोप में स्थित है?

(A) रॉकी
(B) यूराल
(C) एंडीज
(D) एटलस

**18.** Which of the following is the warm water current of the Indian Ocean? 1

(A) Norway
(B) Alaska
(C) Agulhas
(D) Gulf Stream

निम्नलिखित में से कौन-सी हिन्द महासागर की गर्म जलधारा है?

(A) नॉर्वे
(B) अलास्का
(C) अगुल्हास
(D) गल्फ स्ट्रीम

**19.** Which of the following is the South American evergreen rain forest biome? 1

(A) Nile Basin
(B) Congo Basin
(C) Volga Region
(D) Amazon Region

निम्नलिखित में से कौन-सा दक्षिण अमेरिका का सदाबहार वर्षावन जीवोम है?

(A) नील बेसिन
(B) कांगो बेसिन
(C) वोल्गा क्षेत्र
(D) अमेज़न क्षेत्र

**20.** Which of the following temperate grasslands is located in Africa? 1

(A) Steppes
(B) Downs
(C) Velds
(D) Pampas

निम्नलिखित में से कौन-सा समशीतोष्ण घास मैदान अफ्रीका में स्थित है?

(A) स्टेपीज़
(B) डाउंस
(C) वेल्ड्स
(D) पंपास

**21.** Answer the following questions in *1* or *2* word(s) each : 1×2=2

*(a)* Oceanography is a sub-branch of which branch of geography?

*(b)* Write the names of two major geographers who are considered as the founders of modern geography.

निम्नलिखित प्रश्नों के *1* या *2* शब्दों में उत्तर दीजिए :

(क) समुद्रविज्ञान भूगोल की किस शाखा की उपशाखा है?

(ख) दो प्रमुख भूगोलवेत्ताओं के नाम लिखिए, जिन्हें आधुनिक भूगोल का संस्थापक माना जाता है।

**22.** Answer the following questions by filling in the blanks with appropriate words : 1×2=2

*(a)* The process of breaking and degradation of tools or machines of erosion by colliding with each other is called _____.

*(b)* The intensity of exogenous geomorphic processes depends on the type of rocks and their _____.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करके दीजिए :

(क) अपरदन के साधनों अथवा यंत्रों का आपस में टकराकर टूटने तथा निम्न होने की क्रिया _____ कहलाती है।

(ख) बहिर्जनित भू-आकृतिक प्रक्रियाओं की तीव्रता चट्टानों के प्रकार और उनकी _____ पर निर्भर करती है।

**23.** Match Column—I correctly with Column—II : ½×4=2

| *Column—I* (Terms) | *Column—II* (When does it happen) |
|---|---|
| *(a)* Perigee | *(i)* The earth is closest to the sun |
| *(b)* Apogee | *(ii)* Equal distance between the sun, moon and earth |
| *(c)* Perihelion | *(iii)* The moon's orbit is farthest from the earth |
| *(d)* Aphelion | *(iv)* Moon's orbit is closest to the earth |
| | *(v)* The earth is further away from the sun |

कॉलम—I का सही मिलान कॉलम—II से कीजिए :

| कॉलम—I<br>(पारिभाषिक शब्द) | कॉलम—II<br>(यह कब होता है) |
|---|---|
| *(a)* उपभू (पेरिजी) | *(i)* पृथ्वी सूर्य से सबसे निकट है |
| *(b)* अपभू (अपोजी) | *(ii)* सूर्य, चन्द्रमा और पृथ्वी के बीच समान दूरी |
| *(c)* उपसौर | *(iii)* चन्द्रमा की कक्षा पृथ्वी से सबसे अधिक दूर है |
| *(d)* अपसौर | *(iv)* चन्द्रमा की कक्षा पृथ्वी से सबसे निकट है |
| | *(v)* पृथ्वी सूर्य से अधिक दूर है |

**24.** Answer the following questions in *1* or *2* word(s) : 1×2=2

*(a)* The subtropical high-pressure belt is located in the Northern and Southern Hemispheres between which latitudes?

*(b)* At which latitude is the subpolar low-pressure belt located in the Northern and Southern Hemispheres?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *1* या *2* शब्दों में दीजिए :

(क) उपोष्णकटिबंधीय उच्च-दाब पेटी उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्धों में किन अक्षांशों के मध्य स्थित है?

(ख) उपध्रुवीय निम्न-दाब पेटी उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्धों में किस अक्षांश पर स्थित है?

**25.** Read the given paragraph carefully and answer the following questions in *1* or *2* word(s) each : 1×2=2

**Aquatic Ecosystem**

On the ocean surface, shallow continental shelves are more productive than other configurations of ocean floor and open oceans. Open oceans are the least productive of all aquatic ecosystems. They are like the deserts in the terrestrial ecosystem. Some of the organisms exclusively live in water whereas some of the organisms can live in water and on land, i.e., frogs, crocodiles, hippopotamus, etc. Moreover, some organisms live either in

freshwater or saline water and some others live in freshwater and saline water both.

(a) Which oceans are less productive?

(b) Write the names of any two organisms which can live both in water and on land.

दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *1* या *2* शब्दों में दीजिए :

**जलीय पारिस्थितिकी तंत्र**

महासागरीय तल के उथले महाद्वीपीय तल, सागरों के अन्य विन्यासों तथा खुले समुद्र से अधिक उत्पादक होते हैं। खुले सागर सभी जलीय पारिस्थितिकी तंत्रों में से सबसे कम उत्पादक होते हैं। यह ऐसा ही है जैसे स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र में मरुस्थल होता है। कुछ जीव केवल जल में ही रह सकते हैं परंतु कुछ अन्य जीव जल और स्थल दोनों में रह सकते हैं, जैसे मेढक, मगरमच्छ, हिप्पोपोटामस इत्यादि। इसके अतिरिक्त कुछ जीव केवल ताजे पानी अथवा खारे पानी में ही जीवित रह सकते हैं जबकि कुछ अन्य जीव ताजे पानी और खारे पानी, दोनों में ही जीवित रह सकते हैं।

(क) कौन-से सागर कम उत्पादक होते हैं?

(ख) किन्हीं **दो** जीवों के नाम लिखिए जो जल एवं स्थल दोनों में रह सकते हैं।

**26.** Match Column—I correctly with Column—II : ½×4=2

| *Column—I* (States) | | *Column—II* (Capital) | |
|---|---|---|---|
| *(a)* | Tripura | *(i)* | Panaji |
| *(b)* | Sikkim | *(ii)* | Chandigarh |
| *(c)* | Goa | *(iii)* | Itanagar |
| *(d)* | Punjab | *(iv)* | Agartala |
| | | *(v)* | Gangtok |

कॉलम—I का सही मिलान कॉलम—II से कीजिए :

| **कॉलम—I** (राज्य) | | **कॉलम—II** (राजधानी) | |
|---|---|---|---|
| *(a)* | त्रिपुरा | *(i)* | पणजी |
| *(b)* | सिक्किम | *(ii)* | चंडीगढ़ |
| *(c)* | गोवा | *(iii)* | ईटानगर |
| *(d)* | पंजाब | *(iv)* | अगरतला |
| | | *(v)* | गैंगटोक |

**27.** Answer the following questions by filling in the blanks with appropriate words : 1×2=2

*(a)* Mangroves are practically _____ forests which have leathery leaves.

*(b)* Areas with annual rainfall less than 75 cm are characterized by natural vegetation of _____ and shrubs.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करके दीजिए :

(क) मैंग्रोव व्यावहारिक रूप से _____ वन होते हैं जिनमें चीमड़ पत्ते होते हैं।

(ख) 75 से०मी० से कम वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों की विशेषता _____ और झाड़ियों की प्राकृतिक वनस्पति होती है।

**28.** Answer the following questions in *1* or *2* word(s) : 1×2=2

*(a)* According to 2011 Census, what is the percentage of total rural population in India?

*(b)* Which State of India has the highest sex ratio?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *1* या *2* शब्दों में दीजिए :

(क) 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में कुल ग्रामीण जनसंख्या कितनी प्रतिशत है?

(ख) भारत के किस राज्य का लिंगानुपात सर्वाधिक है?

**29.** Read the given paragraph carefully and answer the questions that follow in *1* or *2* word(s) each : 1×2=2

**Sex Ratio**

Sex ratio refers to the number of females per thousand males of an area. According to the Census of India 2011, there were only 943 females per thousand males. So sex composition in India is unfavourable. It means there are less number of females than the number of males. When the number of females is more than the males, it is said to be favourable. If we analyze the data over a period of 100 years (1911–2011), it has been observed that there has been steady decline of sex ratio in the country except some marginal increases in the 1951, 1981, 2001 and now in 2011.

*(a)* Define sex ratio.

*(b)* Define the term 'favourable sex ratio'.

दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *1* या *2* शब्दों में दीजिए :

**लिंगानुपात**

लिंगानुपात का अर्थ किसी क्षेत्र के प्रति हजार पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या है। 2011 की भारत की जनगणना के अनुसार, प्रति हजार पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या मात्र 943 थी। अतः भारत में लिंगानुपात अनुकूल नहीं है। इसका अर्थ है पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या का कम होना। जब पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या अधिक होती है, तो इसे अनुकूल कहा जाता है। यदि हम पिछले 100 वर्षों (1911–2011) के आँकड़ों का विश्लेषण करें, तो यह देखा गया है कि देश में लिंगानुपात निरंतर घटता रहा है सिवाय वर्ष 1951, 1981, 2001 और अब 2011 में हुई कुछ वृद्धियों के।

(क) लिंगानुपात को परिभाषित कीजिए।

(ख) 'अनुकूल लिंग अनुपात' को परिभाषित कीजिए।

**30.** Answer the following questions in *1* or *2* word(s) each : 1×2=2

*(a)* Mention the main development goals of the mercantilism era.

*(b)* Mention the main development goal of Brundtland Commission.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *1* या *2* शब्दों में दीजिए :

(क) वाणिज्यवाद युग के प्रमुख विकास लक्ष्यों का उल्लेख कीजिए।

(ख) ब्रंटलैंड आयोग के प्रमुख विकास लक्ष्य का उल्लेख कीजिए।

**31.** Explain the process of weathering. 2

अपक्षय की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।

**32.** Explain *two* main characteristics of the Indian desert. 1×2=2

भारतीय रेगिस्तान की **दो** प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

**33.** Explain the difference between Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep in *two* points. 1×2=2

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा लक्षद्वीप में अंतर की **दो** बिन्दुओं में व्याख्या कीजिए।

**34.** "Water is the most precious gift of nature." Explain the statement with any *two* arguments. 1×2=2

''जल प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार है।'' किन्हीं **दो** तर्कों द्वारा इस कथन की व्याख्या कीजिए।

**35.** Explain the importance of 'Operation Flood' in *two* points. 1×2=2

'ऑपरेशन फ्लड' के महत्त्व को **दो** बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

**36.** On the given *Outline Map of India* (shown in Page No. **25**), mark and label the following : 1×2=2

पृष्ठ संख्या **25** में दिए गए **भारत के रेखा-मानचित्र** में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

*(a)* The southernmost mountain range of the Himalayas

हिमालय की सबसे दक्षिणी पर्वत श्रेणी

*(b)* The highest peak of Karakoram

कराकोरम की सबसे ऊँची चोटी

*Note* : The following questions are for *Visually Impaired Candidates* only in lieu of Question No. **36**.

*(a)* Write the name of the southernmost mountain range of the Himalayas.

*(b)* Write the name of the highest peak of Karakoram.

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **36** के स्थान पर हैं।

(क) हिमालय की सबसे दक्षिणी पर्वत श्रेणी का नाम लिखिए।

(ख) कराकोरम की सबसे ऊँची चोटी का नाम लिखिए।

**37.** On the given *Political Outline Map of India* (shown in Page No. **27**), mark the following with appropriate symbols and write their names : 1×2=2

पृष्ठ संख्या **27** में दिए गए **भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र** पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

*(a)* Leading State in coffee production

कॉफी उत्पादन में अग्रणी राज्य

*(b)* An oil refinery located in Bihar

बिहार स्थित एक तेलशोधन कारखाना

*Note* : The following questions are for *Visually Impaired Candidates* only in lieu of Question No. **37**.

*(a)* Write the name of the leading State in coffee production.

*(b)* Write the name of the place where an oil refinery is located in Bihar.

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **37** के स्थान पर हैं।

(क) कॉफी उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(ख) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ बिहार में एक तेलशोधन कारखाना स्थित है।


**38.** Describe *two* major ways of conserving biodiversity. 1×2=2

जैव विविधता के संरक्षण के **दो** प्रमुख तरीकों का वर्णन कीजिए।

**39.** Mention *two* major objectives of the Earth Summit in 1992. 1×2=2

1992 में पृथ्वी शिखर सम्मेलन के **दो** प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।


**40.** Answer the following questions on the basis of the given map : 1×2=2




*(a)* Identify the State which has the largest number of wildlife sancturies.

*(b)* Identify the Union Territory which has the maximum number of wildlife sancturies.

दिए गए मानचित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




(क) उस राज्य की पहचान कीजिए जिसमें सबसे अधिक वन्यजीव अभयारण्य हैं।

(ख) उस केन्द्रशासित प्रदेश की पहचान कीजिए जिसमें सबसे अधिक वन्यजीव अभयारण्य हैं।

*Note* : The following questions are for *Visually Impaired Candidates* only in lieu of Question No. **40**.

*(a)* Name the State which has the maximum number of wildlife sanctuaries.

*(b)* Write the name of the Union Territory which has the maximum number of wildlife sanctuaries.

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **40** के स्थान पर हैं।

(क) उस राज्य का नाम लिखिए जिसमें सबसे अधिक वन्यजीव अभयारण्य हैं।

(ख) उस केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जिसमें सबसे अधिक वन्यजीव अभयारण्य हैं।

**41.** Describe the importance of mountains in the world in *three* points. 1×3=3

विश्व में पर्वतों के महत्त्व का **तीन** बिन्दुओं में वर्णन कीजिए।

**42.** Explain the difference between land breeze and sea breeze in *three* points. 1×3=3

स्थल समीर और समुद्री समीर में अंतर की **तीन** बिन्दुओं में व्याख्या कीजिए।

*Or / अथवा*

Explain the relationship between mountain breeze and valley breeze in *three* points.

पर्वत समीर तथा घाटी समीर के बीच संबंध की **तीन** बिन्दुओं में व्याख्या कीजिए।

**43.** "The climate of an area is affected by its latitudinal position." Justify this statement by giving *three* arguments. 1×3=3

''किसी क्षेत्र की जलवायु उसकी अक्षांशीय स्थिति से प्रभावित होती है।'' **तीन** तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**44.** Explain the importance of road transport in India in *three* points. 1×3=3

भारत में सड़क परिवहन के महत्त्व को **तीन** बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

*Or / अथवा*

Explain the importance of water transport in India in *three* points.

भारत में जल परिवहन के महत्त्व को **तीन** बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

**45.** "The distribution of Scheduled Tribes in India is ununiform." Justify this statement by giving *three* arguments. 1×3=3

''भारत में अनुसूचित जनजातियों का वितरण असमान है।'' **तीन** तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**46.** Explain, in *five* points, the relationship between a country's natural resources and its economic development. 1×5=5

किसी देश के प्राकृतिक संसाधन और उसके आर्थिक विकास के सम्बन्धों को **पाँच** बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

*Or / अथवा*

Explain the achievements of Millennium Development Goals in *five* points.

सहस्राब्दी विकास लक्ष्य की उपलब्धियों को **पाँच** बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

★★★


Map for **Q. No. 36**

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

*Attach this map with your answer-book*
*इस मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें*

**OUTLINE MAP OF INDIA**
**भारत का रेखा-मानचित्र**



BLANK PAGE

Map for **Q. No. 37**

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

*Attach this map with your answer-book*
*इस मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें*

**OUTLINE MAP OF INDIA (POLITICAL)**
**भारत का रेखामानचित्र (राजनीतिक)**

